Alberta

समाचार विज्ञप्ति

केवल एक क्षेत्र को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में K-12 विद्यार्थी कक्षाओं में वापिस आ जाएँगे

19 मई 2021

वुड बफलो क्षेत्रीय नगर पालिका के विद्यार्थियों के अतिरिक्त पूरे एल्बर्टा-भर में योजनानुसार 25 मई को सभी विद्यार्थी अपनी कक्षाओं में वापिस आ जाएँगे।

पूरे प्रांत-भर में COVID-19 के मामलों में वृद्धि होने के कारण दो सप्ताहों के लिए घर से शिक्षण में संक्रमण करने से परिचालन चुनौतियों का समाधान करने के लिए शिक्षा प्रणाली को समय मिल गया है। वुड बफलो क्षेत्रीय नगर पालिका में K-12 विद्यार्थियों को एक और सप्ताह के लिए घर में शिक्षण जारी रखना होगा, और आमने-सामने के शिक्षण में उनकी वापसी 31 मई के लिए लक्षित है।

"मैं इस बात को लेकर खुश हूँ कि हमारी दो सप्ताह की योजना प्रांत के लगभग सभी क्षेत्रों में सफल रही है। सभी ने चोटी को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की है और मुझे विश्वास है कि सभी विद्यार्थी बाकी का स्कूल वर्ष कक्षा में समाप्त करेंगे। इस समय जबकि हम विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए काम कर रहे हैं, तो मैं सभी विद्यार्थियों, माता-पिताओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं और कर्मचारियों के प्रयासों एवं अनुकूलन के लिए उन्हें धन्यवाद कहना चाहती हूँ।"

एड्रियाना लाग्रेंज, शिक्षा मंत्री

वुड बफलो (सार्वजनिक, कैथोलिक, चार्टर और स्वतंत्र) क्षेत्रीय नगर पालिका में स्थित सभी स्कूलों में एक अतिरिक्त सप्ताह के लिए घर से शिक्षण जारी रहेगा। इस क्षेत्र में मामले की संख्या का नीचे की ओर रुझान अन्य क्षेत्रों की समान दर से नहीं हुआ है, जिसका अर्थ है कि स्कूल में परिचालन चुनौतियों के जारी रहने की संभावना ऊँची है।

स्कूलों में लागू किए गए सख्त स्वास्थ्य प्रोटोकॉल जारी रहेंगे, जिनमें मास्क पहनने की आवश्यकताएँ, समूह, लक्षणों के लिए जाँच और बैठने की व्यवस्थाएँ शामिल है। यह और भी अधिक एल्बर्टावासियों के COVID-19 टीकाकरण की अतिरिक्त सुरक्षा परत के अलावा है, जिनमें स्कूलकर्मी और 12 वर्ष व इससे अधिक आयु के विद्यार्थी भी शामिल हैं।

एडमोंटन, कैलगरी, फोर्ट मकमर्रे, ग्रैंड प्रेयरी और लेथब्रिज में स्कूलों में तेजी से स्क्रीनिंग जाँच का विस्तार भी योजनानुसार आगे बढ़ रहा है, और अन्य समुदायों में जहाँ आवश्यकता है, वहाँ यह अगले सप्ताह से शुरू हो रहा है। एडमोंटन और कैलगरी में स्थित स्कूल डिविज़नों को चयनित स्कूल स्थलों पर आमने-सामने के शिक्षण में वापिस आने से पहले जाँच टीमें उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। त्वरित जाँच के माध्यम से लक्षणों के बिना संभावित रूप से वायरस से संक्रमित लोगों की पहचान करना भी COVID-19 के फैलाव को अवरुद्ध करने के लिए एक और निवारक परत है। शिक्षा की त्वरित जाँच टीम अंतिम स्कूल चयन, रसद, सहमति प्रक्रिया और समयबद्धन पर स्कूल डिविज़नों के साथ मिलकर काम करेगी।

अभी तक एडमोंटन और कैलगरी में स्थित स्कूलों में लगभग 10,800 परीक्षण किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 44 प्रारंभिक सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। स्क्रीनिंग परीक्षण में सकारात्मक परिणाम वाले लोगों को किसी एएचएस (AHS) आकलन केंद्र पर प्रयोगशाला में जाँच द्वारा परिणाम की पुष्टि करवाने के लिए कहा जाता है। त्वरित जाँच में सकारात्मक परिणाम निकलने पर कर्मी या विद्यार्थी को उस तिथि से लेकर 10 दिनों के लिए एकाँतवास करने की आवश्यकता होगी। जब एएचएस (AHS) द्वारा फॉलो-अप जाँच का परिणाम नकारात्मक आ जाए, तब वे स्कूल में वापिस लौट सकते हैं।

संबंधित जानकारी

- COVID-19 के दौरान K-12 शिक्षण
- K-12 स्कूलों के लिए COVID-19 मार्गदर्शन और स्वास्थ्य-संबंधी निर्देश

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

निकोल स्पैरो
780-720-1915
प्रेस सचिव, शिक्षा

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए, कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx I